प्रेस नोट

दिनांक 22.11.2022

***थाना गजरौला पुलिस द्वारा वाहन चोरी की घटना का खुलासा कर शातिर वाहन चोर गिरफ्तार, कब्जे से अवैध असलहा (तमंचा/कारतूस 315 बोर) व दिल्ली से चोरी की हुई फर्जी नम्बर प्लेट लगी मोटर साइकिल बरामद* ।**

पुलिस अधीक्षक अमरोहा श्री आदित्य लांग्हे के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में जनपद अमरोहा में अपराध नियंत्रण एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्री राजीव कुमार सिंह अपर पुलिस अधीक्षक अमरोहा के नेतृत्व एवं क्षेत्राधिकारी मंडी धनौरा श्री अरुण कुमार के निकट पर्यवेक्षण में थाना गजरौला पुलिस द्वारा शातिर वाहन चोर गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से अवैध असलहा (तमंचा/कारतूस 315 बोर) व दिल्ली से चोरी की हुई फर्जी नम्बर प्लेट लगी डिस्कवर मोटर साइकिल बरामद हुई।

संक्षिप्त विवरणः- अवगत कराना है कि दिनांक 21/22.11.2022 की रात्रि थाना गजरौला पुलिस द्वारा तिगरी चेक पोस्ट पर चैकिंग के दौरान पुलिस टीम को देखकर भागने का प्रयास कर रहे एक मोटर साइकिल सवार अभियुक्त सलाऊद्दीन उर्फ चुटिया पुत्र निजाम निवासी ग्राम पपसरा खादर थाना गजरौला जनपद अमरोहा को गिरफ्तार किया गया जिसका एक अन्य साथी अंधेरे का लाभ लेकर मौके से फरार हो गया। गिरफ्तार अभियुक्त सलाऊद्दीन उर्फ चुटिया के कब्जे से अवैध असलहा तमंचा व 02 जिंदा कारतूस 315 बोर व दिल्ली से चोरी की हुई फर्जी नम्बर प्लेट लगी मोटर साइकिल बजाज डिस्कवर (फर्जी रजि0न0 UP16Q 4178) बरामद हुई।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त सलाऊद्दीन उर्फ चुटिया शातिर किस्म का अपराधी है जिसके विरुद्ध गोवध, चोरी, अवैध शस्त्र रखने आदि से सम्बन्धित एक दर्जन से ज्यादा अभियोग पंजीकृत है।

पुछताछ पर अभियुक्त सलाऊद्दीन उर्फ चुटिया द्वारा आर्थिक लाभ लेने हेतु बरामद हुई डिस्कवर मोटर साइकिल को अपने साथी आसुद्दीन के साथ मिलकर दिल्ली से चोरी करना तथा धोखा देने व पकडे जाने से बचने के लिये मोटर साइकिल पर दूसरी नम्बर प्लेट बनाकर लगाना बताया गया।

***गिरफ्तार अभियुक्त*:–**

1. सलाऊद्दीन उर्फ चुटिया पुत्र निजाम निवासी ग्राम पपसरा खादर थाना गजरौला जनपद अमरोहा।

***बरामदगी का विवरण*-**

1. दिल्ली से चोरी की हुई मो0सा0 बजाज डिस्कवर फर्जी रजि0न0 UP16Q 4178 प्लेट लगी।
2. अवैध असलहा (तमंचा व 02 जिंदा कारतूस 315 बोर)।

***फरार अभियुक्त*:-**

1. आसुद्दीन पुत्र गयासुद्दीन निवासी ग्राम पपसरा खादर थाना गजरौला जनपद अमरोहा।

***अपराधिक इतिहास अभियुक्त सलाऊद्दीन उर्फ चुटिया*:-**

1. मु0अ0सं0 101/16 धारा 380/411 भादवि थाना शिवाला कलां जनपद बिजनौर।
2. मु0अ0सं0 125/16 धारा 457/380/411 भादवि थाना कांठ जनपद मुरादाबाद।
3. मु0अ0सं0 126/16 धारा 457/380/411 भादवि थाना कांठ जनपद मुरादाबाद।
4. मु0अ0सं0 130/16 धारा 457/380/411 भादवि थाना कांठ जनपद मुरादाबाद।
5. मु0अ0सं0 252/16 धारा 307 भादवि थाना नौगावां सादात जनपद अमरोहा।
6. मु0अ0सं0 255/16 धारा 25 आयुद्ध अधि0 थाना नौगावां सादात जनपद अमरोहा।
7. मु0अ0सं0 257/18 धारा 323/324/504 भादवि थाना गजरौला जनपद अमरोहा।
8. मु0अ0सं0 652/20 धारा 3/5ए/8 गौवध अधि0 थाना गजरौला जनपद अमरोहा।
9. मु0अ0सं0 96/21 धारा 3(1) गैंगस्टर अधि0 थाना गजरौला जनपद अमरोहा।
10. मु0अ0सं0 204/21 धारा 3/25 आयुद्ध अधि0 थाना गजरौला जनपद अमरोहा।
11. मु0अ0सं0131/16 धारा 457/380/411 भादवि थाना छजलैट जनपद मुरादाबाद।
12. मु0अ0सं0 757/22 धारा 414/420 भादवि थाना गजरौला जनपद अमरोहा।
13. मु0अ0सं0 758/22 धारा 3/25 आयुद्ध अधि0 थाना गजरौला जनपद अमरोहा।

***गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम*:-**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री अरिहन्त कुमार सिद्धार्थ थाना गजरौला जनपद अमरोहा।
2. उ0नि0 सुभाष चन्द थाना गजरौला जनपद अमरोहा।
3. का0 54 मोहित कुमार थाना गजरौला जनपद अमरोहा।
4. का0 1097 शेलेन्द्र कुमार थाना गजरौला जनपद अमरोहा।
5. का0 722 शुभम कटारिया थाना गजरौला जनपद अमरोहा।

PRO CELL AMROHA